हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

10 गणतंत्र दिवसः सभी विभाग समय रहते पूरी करें तैयारियां

10 रक्तदान से नई कोशिकाओं का निर्माणः डा. सैनी


## खबर संक्षेप

### ट्राले की चपेट में आने से व्यक्ति घायल, केस दर्ज

**जींद।** रोहतक रोड पर ट्राले की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दुर्गा कालोनी निवासी रामनारायण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह सड़क को पार कर रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्राले ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने व्यक्ति को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। मूलतः गांव डोहाना खेड़ा निवासी जतिन ने गत सात जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके पिता राजेश की शादी वर्ष 2003 में गांव सैंपल रोहतक निवासी पूनम के साथ हुई थी।

### रंजिशन मारपीट करने पर छह के खिलाफ केस

**जींद।** न्यू सब्जी मंडी में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। न्यू सब्जी मंडी निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी राकेश से कहासुनी हो गई थी। जिस पर राकेश परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें काफी चोटें आई। आसपास के लोगों ने छुड़वा अस्पताल पहुंचाया।

### शादी करवाने का झांसा देकर 38 हजार ठगे

**कैथल।** चीका पुलिस ने गांव बलबेहड़ा में भाई की शादी करवाने का झांसा दे एक मजदूर से 38 हजार रुपये ठगने के आरोप में दो व्यक्तियों को नामजद किया है। चीका थाना पुलिस को दी गई शिकायत में गांव बलबेहड़ा निवासी बलविंदर ने बताया कि वह एक अनाज गोदाम में काम करता है। वहां पर बाबा बस्ती चीका का निवासी प्रकाश भी काम करता है।

### शराब ठेके की टीन उखाड़ बीस हजार निकाले

**जींद।** गांव निर्जन शराब ठेके की बीती रात चोरों ने टीन उखाड़ कर बीस हजार रुपये की नकदी को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात तीन-चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सुदकैन खुर्द निवासी मन्नू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव निर्जन में शराब ठेका है।

### धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी दबोचे

**कैथल।** चेक से छेड़छाड़ करके 4 लाख रुपये हड़पने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खुराना रोड कैथल निवासी राजकर्ण की शिकायत अनुसार 30 अप्रैल को खुराना रोड के ही रहने वाले दीपक ने उसे 4 लाख का चेक दिया था। उसने चेक को बैंक के चेक बॉक्स में डाल दिया था।

### महिला से मारपीट करने पर एक नामजद

**जींद।** गांव मोरखी में कहासुनी के चलते महिला पर हमला कर घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मोरखी निवासी ममता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी ईश्वर से कहासुनी हो गई।

### नशा तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एसपी उपासना के आदेशानुसार नशा तस्करों पर कैथल पुलिस लगातार कार्रवाई की जा रही है। कड़ी में जिला पुलिस द्वारा सीवन क्षेत्र से अलग अलग 2 मामलों में 4 आरोपियों को काबू किया गया हैं। जिनके कब्जे से 2 किलो 480 ग्राम डोडापोस्त व 910 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई है।

# नागरिक अस्पताल में बिजली ट्रिप की समस्या से मरीजों को मिलेगी निजात

## बिजली निगम को पत्र लिखकर हाई वोल्टेज लाइन के लिए जंपर लगवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बिजली ट्रिप की समस्या से मरीजों को होने वाली परेशानी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अहम कदम उठाया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिजली निगम को पत्र लिख कर हाई वोल्टेज लाइन के लिए जम्पर लगवाने की बात कही जाएगी ताकि बिजली गुल होने पर लाइन को तुरंत प्रभाव से बदला जा सके और मरीजों को परेशानी न हो। हालांकि इमरजेंसी को देखते हुए नागरिक अस्पताल को होट लाइन से जोड़ा गया है ताकि बिजली की कभी समस्या न रहे। बावजूद इसके अस्पताल की आए दिन लाइट गुल हो जाने पर मरीजों की जान पर बन आती है।


अस्पताल में रखा हैवी जनरेटर सेट, जो जरूरत के समय पर धोखा दे जाता है।

### समस्या का स्थायी समाधान करवाने के लिए बिजली निगम को लिखेंगे : डॉ. रघुवीर

नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि बिजली समस्या का स्थायी समाधान करवाने के लिए बिजली निगम को पत्र लिखा जाएगा। जिसमें यहां अस्पताल में ही एक हाई वोल्टेज लाइन के लिए जम्पर लगवाने के लिए अनुरोध किया जाएगा ताकि अगर बिजली जाती भी है तो जम्पर से लाइन चेंज कर बिजली की सप्लाई को सुचारू किया जा सके। इसके अलावा जनरेटर सेट की तकनीकि खामियों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य मुख्यालय से बजट की डिमांड की जाएगी।

नागरिक अस्पताल होट लाइन से जुडा है। तकनीकी फॉल्ट आने के चलते अस्पताल में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। जिससे मरीजों की जान पर खतरा मंडराने लगता है। कई बार तो हालात ऐसे बन जाते हैं कि अस्पताल की इमरजेंसी में चिकित्सकों को मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मरीजों का उपचार करना पड़ता है। बार-बार बिजली गुल होने से न केवल इलाज प्रभावित होता है बल्कि मरीजों और उनके परिजनों में भय का माहौल भी बना रहता है। क्योंकि अंधेरे में इलाज करना किसी भी तरह से सुरक्षित नहीं माना जा सकता। इमरजेंसी में ही माइनर ओटी, चिकित्सक कैबिन और टीकाकरण कक्ष भी है।

### बैकअप अनिवार्य

अस्पताल में बिजली जाने पर हैवी जनरेटर सेट रखा गया है। जिसमें तकनीकि खराबी आती है। कभी डीजल की समस्या तो कभी लोड न उठा पाने की समस्या रहती है। पिछले दिनों जनरेटर सेट की रिपेयर करवाई गई और अब इसके और ज्यादा सुधार के लिए बजट की डिमांड स्वास्थ्य मुख्यालय से की गई है। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार अस्पतालों में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति और मजबूत बैकअप सिस्टम होना अनिवार्य है। इसके बावजूद अस्पताल में ऐसी लापरवाही आए दिन सामने आती हैं। जो स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

## छात्र संगठनों ने किया डीएसडब्ल्यू व रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव

# विवि से जारी बस पास स्लिप को नहीं मान रहे रोडवेज कर्मी

## बेवजह किया जा रहा विद्यार्थियों को परेशान, भारी रोष

**छात्रों की समस्या समझने के बजाय उल्टा छात्रों पर ही कार्रवाई हो रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में छात्रों को आ रही गंभीर परिवहन समस्याओं को लेकर सोमवार को सभी छात्र संगठनों ने एकजुट होकर डीएसडब्ल्यू कार्यालय का घेराव किया तथा उसके बाद रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया। छात्र संगठनों ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा लागू किए गए नए बस पास सिस्टम की खामियों के कारण बड़ी संख्या में छात्रों के बस पास समय पर नहीं बन पा रहे हैं। जो बस पास पहले से बने हुए हैं, वे भी रोडवेज बसों में मान्य नहीं किए जा रहे हैं। इतना ही नही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दी गई बस पास स्लिप को भी अब अमान्य कर दिया गया है। जिससे छात्र पूरी तरह असहाय स्थिति में आ गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने बताया कि जब यह मामला उनके संज्ञान में आया तो उन्होंने स्वयं अपनी गाड़ी को जींद बस स्टैंड पर खड़ी करके 14 जनवरी शाम को जो बस जींद से रोहतक जाती है उसमें सफर किया। आगे खड़ी फ्लाइंग ने भी कहा कि यह बस पास स्लिप नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को स्लिप उपलब्ध करवाता है, मगर प्रशासन मानने से इनकार कर दिया तो छात्र नेता ने कानूनी कार्रवाई करने को बोला। जिस पर सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर गतौली चौकी में शिकायत दे दी गई। रोडवेज की फ्लाइंग टीमें छात्रों की समस्या समझने के बजाय उल्टा छात्रों ही कार्रवाई कर रही है। चालान किए जा रहे हैं, उन्हें जबरदस्ती बसों से उतारा जा रहा है और बेवजह परेशान किया जा रहा है। इससे छात्रों में भारी रोष व्याप्त है। प्रदर्शन के बाद छात्र प्रतिनिधिमंडल की डीएसडब्ल्यू के साथ हरियाणा रोडवेज जींद के महाप्रबंधक से भी मुलाकात हुई। इस दौरान छात्रों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखी। जिस पर जीएम ने आश्वासन दिया कि इस पूरे मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। छात्र संगठनों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और यूनिवर्सिटी गेट पर ताला जड़ा जाएगा।


जींद। घेराव कर रोष जताते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एनएसयूआई सीआरएसयू अध्यक्ष जयदीप सिंधु, युवराज, गौरव, मनजीत खोखरी, रविंद्र ढुल, नवरत्न माथुर, लोकेश, मोहित, अभिषेक सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

# खेत में बने कमरे में फंदे पर लटका मिला मजदूर का शव

## सिविल अस्पताल में परिजनों का हंगामा, हत्या का आरोप

**खेत के मलिक पर हत्या का आरोप लगाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव धनौरी में सोमवार को एक 53 वर्षीय बुजुर्ग मजदूर का शव खेत में बने तूड़ी के कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक बुजुर्ग की पहचान कोयल के सत्ता के रूप में हुई है। इस घटना के बाद परिजनों ने खेत के मलिक पर हत्या का आरोप लगाया है। सिविल अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने हंगामा करते हुए रोष जता प्रदर्शन किया। मौके पर डीएसपी ललित यादव पहुंचे और परिजनों को समझाया। इसके बाद मामले में कैथल सदर थाना पुलिस ने खेत मालिक के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक बुजुर्ग की पत्नी गांव कोयल निवासी विमल देवी ने बताया कि उसका पति सत्ता काफी साल से धनौरी में संजय के खेत में मजदूरी करता था। 18 जनवरी को रात के समय उसे संजय यह कहकर घर से ले गया था कि खेत में काम है। काम होने पर उसका पति सुबह घर आ जाता था, लेकिन सोमवार को देर तक घर नहीं लौटा तो उन्होंने धनौरी में फोन करके पता किया। वहां से पता चला कि सत्ता की मौत हो चुकी है। जब यहां पहुंचे तो वह फंदे से लटका हुआ मिला। उसके पति सत्ता की हत्या करके उसे फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। एक दिन पहले संजय और सत्ता की खेत में काम को लेकर कहासुनी भी हुई थी।

### मामले की जांच जारी

डीएसपी वीरभान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जाचं शुरू कर दी है।

# 18 दिन के शीतकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल


जींद। पढ़ाई करते हुए बच्चे।

**जींद।** 18 दिन के अवकाश के बाद सोमवार को विद्यार्थी स्कूल पहुंचे। पहले दिन 60 % बच्चे स्कूलों में हाजिर रहे। जिले में राजकीय स्कूलों की संख्या 725 है, जिसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। भीषण सर्दी के चलते हरियाणा सरकार ने एक जनवरी से 15 जनवरी तक की छुट्टियां घोषित की थी जिन्हें बढाकर 19 जनवरी को स्कूल खोलना सुनिश्चित किया। स्कूल खुलने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। शीतकालीन अवकाश के दौरान शिक्षा विभाग ने निपुण हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत बालवाटिका 3 से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष गृहकार्य योजना जारी की गई थी।


जींद। खेत में खिली फसल। फोटो :हरिभूमि

### तापमान बढ़ने से गेहूं व सरसों फसल में बीमारी का भय

**जींद।** पिछले तीन दिनों से लगातार तापमान में इजाफा हो रहा है। सुबह ही सूर्य देवता दर्शन दे रहे हैं। जिससे लोगों को तो राहत मिल रही है वहीं तापमान में भी वृद्धि हो रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 21 व न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को हवा की गति चार किलोमीटर प्रति घंटा रही। वहीं मौसम में आद्रता 50 प्रतिशत रही। मौसम विभाग के अुनसार शुक्रवार को बारिश की संभावना बताई जा रही है। यदि जनवरी महीने में बारिश होती है तो यह फसलों के लिए काफी लाभदायक होगा और तापमान में भी कुछ संतुलन बनेगा। जनवरी महीने के बीच में ही इस तरह तापमान बढना फसलों के लिए ठीक नहीं है। यदि ऐसे ही तापमान बढ़ता रहा तो गेहूं व सरसों की फसल में चेपा रोग, पीला रतुआ, सफेद तना गलन जैसे रोग हो सकते हैं। ऐसे में जनवरी महीने में ही तापमान बढने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं। गौरतलब है कि चार दिन पहले न्यूनतम तापमान चार डिग्री तथा अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस था। अब यह 21 डिग्री और आठ डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में यह लगातार बढ़ रहा है। लगातार तापमान बढने का असर फसलों पर साफ दिखाई देगा।

### धोखाधड़ी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** थाना साइबर क्राइम टीम ने एटीएस कश्मीर सदस्य बता कर सेवानिवृत कर्मचारी से 20 लख रुपये की ठगी कर घर पर ही डिजिटल अरेस्ट करने के मामले के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। थाना साइबर क्राइम जींद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम जींद में शिकायतकर्ता हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी टेकराम ने शिकायत देकर बताया था कि उसके पास एक व्हाट्सअप कॉल आई थी। जिसमें अपने आप को एटीएस कश्मीर का सदस्य बताते हुए कहा कि आपके नाम एचडीएफसी बैंक खाता से आतंकवादियों को करोड़ों रुपये की फंडिंग हुई है। इसी कारण आरोपितों ने उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही का भय दिखा कर उसके खातों से अलग-अलग खातों में 20 लाख रुपये जमा करवा लिए थे।

# कौल की मुख्य सड़क जर्जर, ग्रामीण दुःखी

- प्रदेश सरकार की विकास गाथा पर बड़ा है सवाल : राजीव आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव भूराराम पबनावा व युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य ने कहा कि गांव कौल में करनाल-पटियाला हाइवे की मुख्य सड़क प्रदेश सरकार की विकास गाथा पर बड़ा सवाल है। उनका कहना है कि स्थानीय विधायक द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के लिए नारियल भी फोड़े गए, लेकिन निर्माण कार्य कई महिने बाद भी शुरू नहीं हुआ, वहीं ग्रामीणों का मानना है कि यहां तो सरकार के विधायक की भी चल नहीं रही है या फिर कोई कमीशन या लेनदेन के चक्कर में यह सड़क का निर्माण कार्य रुका हुआ है। लोगों ने बताया कि दो कि.मी. जर्जर सड़क गढ्ढों में तब्दील, सड़क पर चलना हुआ दूभर। यहां सड़क के आस-पास बस्ती के लोगों का रहना भी बेहद खराब हालत में है। खराब सड़क के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। किसान नेता भूराराम पबनावा व राजीव आर्य सहित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क बनाने की मांग की है। बता दें कि गांव कौल में लगभग दो किलोमीटर लंबी करनाल पटियाला हाइवे की मुख्य सड़क अवर लोड वाहनों की आवाजाही से लंबे समय से त्रस्त हैं। यह सड़क जर्जर होने के साथ ही गढ्ढो में तब्दील हो चुकी सड़क पर पैदल चलना मुश्किल है। इस खस्ताहाल सड़क में अनेकों लोग गिरकर घायल हो चुके है। इसको लेकर ग्रामीण ने चक्काजाम आंदोलन भी कर चुके है, लेकिन आज तक उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला और आज भी सड़क की स्थिति चलने लायक नही बन सकी।


ढांड। रोष प्रदर्शन करते भाकियू नेता साथ में ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

**सख्ती** पुलिस चला रही लगातार सर्च अभियान

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

- सर्च अभियान में स्वेट टीम व स्निफर डॉग्स भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जींद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने निर्देश दिए हैं कि सभी क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारी अपनी-अपनी पुलिस टीमों के साथ अपने-अपने थाना इलाकों में सर्च अभियान चलाएंगे। इस सर्च अभियान के दौरान होटल, धर्मशाला, सार्वजनिक स्थान तथा साइबर कैफे आदि पर बारीकी से चेकिंग करेंगे। पुलिस के इस सर्च अभियान में स्वेट टीम व स्निफर डॉग्स भी शामिल होंगे।

### होटल, धर्मशालाओं में रहने वालों की सूची रखें

होटल, रेस्टोरेंट, साइबर कैफे, धर्मशाला संचालक उनके पास रहने वाले लोगों की सूची संबंधित थाना प्रभारी को सौंपे ताकि उनके बारे में जांच पड़ताल पूरी तरह से की जा सके। एसपी ने आमजन से यह भी अपील है कि मकान व दुकान आदि किराये पर देते समय अथवा मकान व दुकान पर नौकर रखने के बारे में भी स्थानीय पुलिस को सूचित करें ताकि ऐसे व्यक्तियों के बारे में पूरी तरह से तस्दीक की जा सके। जींद पुलिस की ओर से चलाया जा रहा यह सर्च अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

### असामाजिक तत्वों के बारे में सूचना देने की अपील



पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने आमजन से अपील करते हुए यह भी कहा कि किसी संदिग्ध व्यक्ति के संबंध में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल व ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस में ठहरने का पता चलता है तो इसकी सूचना डायल 112 पर या नजदीकी पुलिस स्टेशन, चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को तुरंत दे। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व भीड़भाड़ वाली जगहों पर कोई लावारिस वस्तु दिखाई देती है तो उसे न छुएं। क्योंकि इसमें कोई बम या विस्फोटक पदार्थ हो सकता है। ऐसी लावारिस वस्तुओं के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते अप्रिय घटना होने से बचा जा सके।

# दवा से बेसुध खांडा के व्यक्ति की उपचार के दौरान गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक के दवा से बेसुध खांडा गांव निवासी लगभग 32 वर्षीय व्यक्ति ने पीजीआई रोहतक में चिकित्सकों के उपचार के दौरान रविवार देर रात को दम तोड़ दिया है।

सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा सोमवार को पीजीआई पहुंचकर मृतक व्यक्ति के बड़े भाई के ब्यान दर्ज किए है। पुलिस को दिए ब्यान में खांडा निवासी सुखबीर ने बताया कि 13 जनवरी को लगभग 32 वर्षीय छोटा भाई सोमपाल खेत में गया हुआ था। खेत में भाई द्वारा शराब का सेवन करने के बाद धोखे से घास-.फूस जलाने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। शाम को शराब व कीटनाशक का सेवन करने के बाद छोटा भाई घर आ गया। घर आने के बाद भाई की तबीयत बिगडऩे पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए जींद के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से चिकित्सकों द्वारा भाई की गंभीर हालात को देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफ र कर दिया। उन्होंने बताया कि पीजीआई में चिकित्सकों के उपचार के दौरान गंभीर तौर से घायल भाई ने रविवार देर रात को दम तोड़ दिया है।

## खबर संक्षेप

### अनिल ने संभाला खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यभार

**अलेवा।** अनिल बाला चहल ने सोमवार को नई खंड शिक्षा अधिकारी अलेवा के रूप में कार्यभार संभाला। इस दौरान खंड के विभिन्न निजी स्कूल संचालकों ने नई खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाजवंती ढिल्लों ने की तथा मुख्य रूप से प्राइवेट स्कूल संघ के जिला प्रधान त्रिलोक भारद्वाज ने भाग लिया।

### जींदः आईटीआई में रोजगार मेला कल

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार से जोडने के उद्देश्य से 21 जनवरी को ऑटो मोबाइल कंपनी हीरो मोटोकोर्प द्वारा अप्रेंटिस एवं जॉब हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। यह साक्षात्कार प्रातः 10 बजे से संस्थान परिसर में आयोजित होगा। संस्थान प्रशासन के अनुसार इस साक्षात्कार में विभिन्न ट्रेडों से आईटीआई पास वे सभी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

### एक को मनाई जाएगी गुरू रविदास जयंती

**जींद।** डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती एक फरवरी को प्रधान राजेश पहलवान की अध्यक्षता में गुरु रविदास धर्मशाला में मनाई जाएगी। जयंती समारोह में समाज के गणमान्य व्यक्ति मुख्यअतिथि के रूप में सम्मानित किए जाएंगे और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सोसाइटी के पूर्व महासचिव दलबीर सिंह आल्याहन ने जानकारी दी।

### महिला-युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से महिला व युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव भाणा ब्राह्मणन निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव अमरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### महिला कामकाजी आवास जल्द ही खोला जाएगा

**जींद।** जिला रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल ने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित महिला कामकाजी आवास के रिपेयर का कार्य पूर्ण होने उपरांत जल्द से जल्द खोला जा रहा है। जिसमें जिला जींद के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत महिला कर्मचारी को रहने में सुविधा होगी। बताया कि कामकाजी महिला आवास में ठहरने के लिए न्यूनतम किराया होगा। एक कमरे में रहने वाली महिला को तीन हजार प्रति मासिक किराया व दो महिलाओं को एक साथ कमरे में रहने का किराया दो हजार रुपये ही देना होगा।

### चांदपुर स्कूल में बच्चों को करवाया सूर्य नमस्कार

**अलेवा।** सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग ने चांदपुर गांव के राजकीय मिडिल स्कूल में बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाया। अध्यक्षता योग सहायिका नीलम ने की। दौरान योग सहायिका ने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से शुरू 12 फरवरी स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती तक करवाया जाएगा।

### विनय जैन को सैक्शन ऑफिसर बनने पर किया सम्मानित

**नरवाना।** शहरी शिक्षा समिति नरवाना एवं राह ग्रुप फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नरवाना के होनहार बेटे विनय जैन के सैक्शन ऑफिसर पद पर पदोन्नत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विनय जैन ने शिक्षा विभाग में 14 वर्षों तक ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण भाव से सेवाएं दी हैं। अपने सेवाकाल में उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नरवाना में कार्य करते हुए विभागीय कार्यों को प्रभावी ढंग से संपन्न किया। वर्तमान में वे राजकीय उच्च विद्यालय खरल में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पदोन्नति को नरवाना क्षेत्र के लिए गौरव, खुशी और हर्ष का विषय बताया गया।

# शिक्षा ही देश, राज्य और जिले की समग्र उन्नति का सबसे सशक्त माध्यम

## आधारभूत साक्षरता एवं गणना कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक में बोले अतिरिक्त उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज. जींद

आधारभूत साक्षरता एवं गणना (एफएलएन) कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य निपुण मिशन को धरातल पर और अधिक सशक्त बनाना तथा कक्षा एक से तीन तक के प्रत्येक बच्चे को भाषा और गणना में दक्ष बनाना है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि इस अभियान का मूल लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कक्षा तीन तक हर बच्चा पढ़ने लिखने और गणना की बुनियादी समझ अवश्य हासिल करे। इसके लिए शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी, नियमित मूल्यांकन, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियां तथा अभिभावकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की कम्पिटेंसी लेवल पर और अधिक गंभीरता से फोकस किया जाए। बच्चों को खेल-खेल में सिखाने की पद्धति को प्रभावी बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ती है और विषयों को सहज रूप से समझने में मदद मिलती है। उन्होंने कक्षा एक से तीन तक पढ़ाने वाले सभी प्राथमिक अध्यापकों को निरंतर प्रेरित करने पर बल देते हुए कहा कि यही वह समय होता है जब बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत होती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने आप में एक अलग प्रतिभा समेटे होता है, उस प्रतिभा को पहचानना और निखारना अध्यापक की जिम्मेदारी है। आठ वर्ष तक की आयु में बच्चों में सीखने की जिज्ञासा अत्यधिक होती है। इसलिए इस आयु वर्ग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षकों को नियमित रूप से मोटिवेट किया जाए तथा शिक्षा के क्षेत्र में ठोस और परिणामोन्मुखी कार्य धरातल पर दिखाई देने चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही देशए प्रदेश और जिले की समग्र उन्नति का सबसे सशक्त माध्यम है। आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं और अध्यापक भविष्य के निर्माता हैं। इसलिए उन्हें इस भूमिका के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए ताकि वे राष्ट्र के लिए एक सशक्त एसेट बन सकें।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

इससे पूर्व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र श्योराण ने निपुण मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित गतिविधियों, बच्चों की सीखने की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में एफएलएन के तहत विशेष शिक्षण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिससे बच्चों की पढने, लिखने और गणितीय समझ को मजबूत किया जा रहा है। निरंतर मॉनिटरिंग एवं फील्ड स्तर पर सहयोग के माध्यम से निपुण जींद के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा रहा है। बैठक के दौरान बच्चों को और अधिक प्रभावी ढंग से कैसे सिखाया जाए, इस विषय पर भी गहन विचार.विमर्श किया। बैठक में सीएमजीजी, कल्याणी, एसपीआईयू अनुभव, एसपीआईयू आयुषी, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ, डाइट प्राचार्य मुन्नी देवी सहित जिले के सभी संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।


जींद। शादी का निमंत्रण देते ब्लाक समिति चेयरमैन। फोटो : हरिभूमि

# दहेज लेना-देना सामाजिक बुराई : टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्व जातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक और किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि जींद ब्लॉक समिति के चेयरमैन राकेश तलोडा ने अपने भाई राजेश की 21 जनवरी की होने वाली शादी का निमंत्रण कंडेला गांव की 36 बिरादरी को दिया है। इस अवसर पर कंडेला ने कहा कि जींद के चेयरमैन ने अपने भाई के रिश्ते में एक रुपये कागज का लेकर पूरे प्रदेश में दहेज प्रथा को खत्म करने का संदेश दिया है। इसके भाई की शादी उत्तर प्रदेश के बिजनौर में तय की गई है। इसी प्रकार जींद ब्लॉक के 71 गांव में 36 बिरादरी का न्योता दिया गया है। इस शादी में सभी प्रतिनिधि व किसान संगठन व सामाजिक आदमी, पत्रकार व छायाकार व राजनीतिक दलों को शादी में आने का निमंत्रण दिया गया है। पूरे भारत के अंदर जहां-जहां रेढू गोत्र के लोग रहते हैं, वहां सभी को इस शादी में निमंत्रण दिया गया है। पिछले दिनों किसान नेता जयदीप चहल ने भी अपने भाई की शादी में एक रुपये लेकर दहेज प्रथा को दूर करने का काम किया था। चहल के भाई की शादी पंजाब में हुई थी।

**दहेज प्रथा बुराई**

टेकराम कंडेला ने कहा है कि दहेज प्रथा की बुराई को खत्म करने के लिए हम उत्तरी भारत की खाप पंचायतें हरियाणा से लगते जितने भी राज्य हैं, इस दहेज प्रथा को खत्म करने का काम करेंगे।

### सर्वसम्मति से डा. राजीव राठी जिला प्रधान बने

**जींद।** भारतीय होम्योपैथिक चिकित्सक संस्थान की मीटिंग राष्ट्रीय सेक्रेटरी जनरल डा. विनोद सांगवान की अध्यक्षता में जिला इकाई का चुनाव हुआ। इसमें जिले के सभी होम्योपैथिक डॉक्टर्स ने सर्वसम्मति से डा. राजीव राठी को जिला प्रधान और डा. नरेंद्र अहलावत को जिला सचिव के रूप में चुना। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा होम्योपैथिक काउंसिल के पूर्व चेयरमैन डा. हरप्रकाश शर्मा ने नवगठित जिला इकाई को आशीर्वाद दिया।

## एडीसी ने पुलिस लाइन मैदान और विवि परिसर का किया निरीक्षण

# गणतंत्र दिवसः सभी विभाग समय रहते पूरी करें तैयारियां

## 24 जनवरी को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल निर्धारित समयानुसार होगी

**समारोह में शामिल सभी झांकियां विशेष थीम पर आधारित होंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन भव्य एवं गरिमामय ढंग से किया जाएगा। यह समारोह स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न लोक संस्कृतियों की झलक देखने को मिलेगी। एडीसी प्रदीप कुमार सोमवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन मैदान एवं विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि समारोह में शामिल की जाने वाली सभी झांकियां विशेष थीम पर आधारित होंगी। जिनके माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रभावी प्रदर्शन किया जाएगा ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके। समारोह के दौरान विभिन्न प्लाटूनों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। परेड में शामिल टुकडियों का पूर्वाभ्यास प्रारंभ हो चुका है तथा 24 जनवरी को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल निर्धारित समयानुसार करवाई जाएगी। पुलिस विभाग को परेड से संबंधित सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।


जींद। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान, नगराधीश मोनिका रानी, डीएसपी संजय कुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी रितु, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे**

एडीसी ने बताया कि 26 जनवरी को प्रातः 10 बजे मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया जाएगा। इससे पूर्व मुख्यातिथि शहर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। जिला वासियों को संबोधित करेंगे तथा भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का समापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों के प्रोत्साहन एवं रिफ्रेशमेंट की समुचित व्यवस्था की जाएगी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि उन्हें सौंपी गई ड्यूटी का पूरी निष्ठा एवं गंभीरता से निर्वहन करें। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को सर्विस एक्ट के नाम पर गुमराह कर रही सरकार

- 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगे बढ़चढ़ कर भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की पटवार भवन में सर्कल सचिव धर्मबीर भंभेवा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मंच संचालन जींद यूनिट प्रधान राकेश इक्कस ने किया। राज्य प्रधान सुरेश राठी और राज्य उपप्रधान संजीव ढांडा सकसं से जिला सचिव सन्नी पटवारी भी बैठक में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि देश के पूंजीपतियों का मुनाफा लगातार बढ़ता जा रहा है जबकी गरीब और भी गरीब होते जा रहा है, आने वाले समय में सरकार द्वारा पक्की नौकरियां में लगातार कमी की जा रही है और कच्ची नौकरी में भारी बढ़ोत्तरी के नाम पर कर रही है। सरकार एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को सर्विस एक्ट के नाम पर 58 साल तक कच्चे रखना चाहती है। एचकेआरएन को भंग करने, पुरानी पेंशन लागू करवाने, जोखिम भत्ता, बिजली विभाग में पक्की नौकरियों की भर्ती करवाना, ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी को रद्द करवाने के लिए, बिजली दरों को कम करने, बिजली कर्मचारियों की फ्री यूनिट बढ़वाने के लिए आदि मांगो को लेकर 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। यूनिट सचिव संदीप गिल ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने से बड़े लेवल में बिजली दुर्खघटनाएं बढ़ेंगी। जिसके विरोध में 22 जनवरी को यूनिट पर सांकेतिक भूख हड़ताल करेंगी।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए यूनियन पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

विक्रम, प्रमोद, विक्रम संधू, सुखबीर रेढू, राजेंद्र, कुलदीप, सोनू, मनजीत नेहरा, अमित, जयबीर लाठर आदि ने भी संबोधित किया।

# जल संरक्षण के लिए ठोस रणनीति पर काम करें

**एडीसी ने संरक्षण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जल संरक्षण के प्रति गंभीरता दिखाते लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जल संचय जनभागीदारी-2 के तहत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी डा. सुशील कुमार ने जल शक्ति अभियान के तहत जिले में चल रहे वाटर हार्वेस्टिंग और संरक्षण कार्यों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। एडीसी ने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जल संरक्षण के लिए एक ठोस रणनीति पर काम करें। सभी विभाग 31 मार्च और 31 मई तक के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और सोखते गड्ढे आदि बनाने के अपने विस्तृत प्लान तैयार करें और इसकी रिपोर्ट सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड को भेजें। उन्होंने जल संचयन के लिए नए स्ट्रक्चर तैयार करने पर जोर दिया जाए और कहा कि जो भी नए स्ट्रक्चर तैयार करें, वह एसओपी के आधार पर तैयार किए जाएं और उनके जिओ टेगिंग आधारित दो फोटो (निर्माणाधीन एवं तैयार होने के बाद) पोर्टल पर अपलोड की जाएं। साथ ही, जो पुराने ढांचे हैं, उनकी समय पर मरम्मत सुनिश्चित की जाए ताकि आगामी मानसून का पूरा लाभ उठाया जा सके। सरकारी भवनों और अन्य चिन्हित स्थानों पर फिजिबिलिटी के अनुसार रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं। इस बैठक में चंडीगढ़ सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड से आए सहायक भूभौतिकीविद् सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान से नई कोशिकाओं का निर्माणः डा. सैनी

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के द्वारा हिंदू कन्या महाविद्यालय के निकट स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी, नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना व हरियाणवी कलाकार अमित बालियान ने शिरकत की। युवा विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि सभी रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका हौसला बढ़ाया गया। नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इसलिए इसलिए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। नर्सिंग आफिसर मनीषा बरसाना ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नही आती है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। अमित बालियान ने कहा कि प्रत्येक युवा को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस रक्तदान शिविर में शीला सैनी ने 48वीं बार रक्तदान किया।
शिविर में कुल 72 युवाओं ने रक्तदान किया।



### क्रिकेट प्रतियोगिता में साध खेड़ी अव्वल

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव में छह दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में साध खेड़ी गांव की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। फाइनल मैच में साध खेड़ी गांव की टीम ने पहले खेलते हुए 115 रन बनाए। करसोला गांव की टीम को साध खेड़ी गांव की टीम ने 95 रन पर ऑलआउट कर दिया और 20 रनों से जीत हासिल की। करसोला गांव की टीम दूसरे नंबर पर रही। सेमीफाइनल मैच में करसोला गांव की टीम ने जुलाना को नौ विकेट से जीता था और फाइनल में प्रवेश किया था। साध खेड़ी गांव की टीम ने सेमीफाइनल में बास की टीम को छह विकेट से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रथम स्थान पर आने वाली साध खेड़ी गांव की टीम को 21 हजार रुपये के नगद ईनाम से सम्मानित किया गया। दूसरे नंबर पर रहने वाली करसोला गांव की टीम को आयोजक कमेटी द्वारा 15 हजार रूपये से सम्मानित किया गया।



### 20, 21 तथा 22 जनवरी को सीआरएम मशीनों का होगा भौतिक सत्यापन : विजय कुमार

**जींद।** सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया की दो व चार दिसंबर एवं 12 व 14 दिसम्बर को सीआरएम 2025-26 मशीनों का प्रथम भौतिक सत्यापन हुआ था। उन मशीनों (जिन मशीनों की अनुदान राशि एक लाख से अधिक है) का द्वितीय भौतिक सत्यापन 20, 21 तथा 22 जनवरी को ब्लाक वाइज गठित कमेटी द्वारा किया जायगा। 20 जनवरी को सुपर सीडर का, 21 जनवरी को स्ट्रॉ बेलर, हेरेक का तथा 22 जनवरी को सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर, स्ट्रॉ चोपर, ट्रेक्टर माउंटेड लोडर एवं ट्रेक्टर ड्रान टेडर का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जींद ब्लॉक का सत्यापन हमेटी जींद रोहतक रोड, जुलाना ब्लॉक का सत्यापन गांव शादीपुर स्टेडियम, अलेवा ब्लॉक का सत्यापन अनाज मंडी नगूरां, उचाना ब्लॉक का सत्यापन अनाज मंडी उचाना, नरवाना ब्लॉक का सत्यापन इंडस्ट्रियल एरिया, उझाना ब्लॉक का सत्यापन अनाज मंडी गढ़ी, सफीदों ब्लॉक का सत्यापन अनाज मंडी सफीदों, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक का सत्यापन गांव अमरावली खेडा स्टेडियम में किया जायगा। अधिक जानकारी के लिए सहायक कृषि अभियंता कार्यालय हमेटी, रोहतक रोड बाईपास में किसान संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

**कार्यक्रम** अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

# संबंधित विभागों को सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश

**जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की पहली प्राथमिकता, देरी स्वीकार नहीं होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी योजना का कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होने समाधान शिविर में लंबित पड़ी समस्याओं की विभागवार समीक्षा की और संबंधित विभागों को सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाना चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने शिविर में प्रस्तुत सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की तह में जाकर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं का समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आमजन की प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से उसका निपटान किया जाए। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में रामनगर निवासी शीला ने गैस सिलेंडर सब्सिडी दिलवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। वहीं गांव किशनपुरा निवासी राजकुमार ने फैमिली आईडी में दर्ज आय कम करवाने की फरियाद की।



जींद। जनसमस्याएं सुनते हुए एडीसी। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

गांव लखीमपुर निवासी ने राजवाहा टूटने से फसल को हुए नुकसान के लिए मुआवजे की गुजारिश की। वहीं गांव रधाना निवासी नरेश ने अपनी भूमि से नाजायज कब्जा हटवाने के लिए आवेदन किया। इन सभी समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निपटान के निर्देश दिए। इस दौरान आरटीए गिरीश कुमार, सीटीएम मोनिका, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### गेहूं में नमी की मात्रा को बढ़ाया जाए: राजीव आर्य



**कैथल।** गेहूं की फसल आने में लगभग दो से ढाई महीने का समय रह गया है, जिस कारण किसानों ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि आने वाले सीजन में गेहूं में नमी की मात्रा को बढ़ाया जाए। भारतीय किसान यूनियन के नेता राजीव आर्य ने बताया कि बाबा आदम के जमाने से सरकार ने किसानों की गेहूं खरीदने में नमी की मात्रा की स्थिति 12 प्रतिशत तय की हुई है। उन्होंने कहा कि उस समय गेहूं की कटाई हाथ से होती थी और मशीनों के द्वारा निकली जाती थी। अब तो कंबाइन के द्वारा ही कटाई करवाई जाती है, जिस कारण से फसल में नमी की मात्रा रहती है और मंडियों में ऐसी स्थिति में किसानों को अपनी फसल को बेचने में काफी परेशानी होती है। उन्होंने सरकार से मांग की गेहूं में अब खरीद करते समय नमी की मात्रा 15 प्रतिशत की जाए ताकि किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी न आए।

### प्री-बजट परामर्श बैठक में शामिल होंगे हर्ष बूरा

**कैथल।** हरियाणा सरकार द्वारा राज्य बजट 2026–27 की तैयारियों के अंतर्गत युवा एवं खेल क्षेत्र पर आयोजित होने वाली प्री-बजट परामर्श बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के छात्र, गांव बालू (जिला कैथल) निवासी तथा राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अवॉर्डी हर्ष बूरा का चयन किया गया है।

यह परामर्श बैठक 22 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक श्रीमद्भगवद्गीता सदन (यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम), कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा की जाएगी। बैठक का आयोजन हरियाणा विज़न @2047 के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं के समग्र विकास, शिक्षा, कौशल, रोजगार एवं खेल क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु व्यावहारिक नीतिगत सुझाव प्राप्त करना है।

इस अवसर पर हर्ष बूरा राज्य में युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास तथा खेल आधारभूत ढांचे के विस्तार से संबंधित अपने सुझाव माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## रोहतक एवं कुरुक्षेत्र की तर्ज पर होगा करनाल शहर का सौंदर्यीकरण

# बैठक में फिर से उठा करनाल रोड पर एलिवेटेड ट्रैक बनाने का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल के करनाल रोड पर होटल 7 इलेवन में नगर सुधार समिति द्वारा कैथल में एलिवेटेड ट्रैक के मुद्दे को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा कैथल जिला उपायुक्त को सौंपने के लिए अपनी मांगों का एक ज्ञापन तैयार किया गया, जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा साफतौर पर कहना था कि कैथल शहर में पांच फाटक पर से एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनाने, पुराने रेलवे स्टेशन को एलिवेटेड करने व जींद रोड पर बने ओवर ब्रिज को डिसमेंटल करने की डीपीआर, एचआरआइडीसी के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के आदेश पर तैयार कर ली गयी थी। परन्तु अब समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि लोक निर्माण विभाग कैथल द्वारा करनाल रोड पर व बाईपास पर बस स्टैंड के पास दो ओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।



कैथल । के करनाल रोड रेवल फाटक से गुजरते वाहन।

शहर में बीचों बीच पहले भी एक ओवर ब्रिज बना हुआ है, जिससे पहले भी शहर का सौंदर्यकरण खराब हुआ है, शहर बर्बाद हुआ है तथा हजारों लोगों का रोजगार छिन गया है। इन ओवर ब्रिज से भी शहर के मुख्य संस्थान जैसे जिला सचिवालय, बस स्टैंड, जाट शिक्षण संस्थान, हनुमान वाटिका, श्मशान घाट, ट्रैफिक पार्क, बाल भवन, हुडा सेक्टर 18 व 19, वैष्णो कॉलोनी, फ्रेंड्स कोलोनी, बलराज नगर, बालाजी कॉलोनी, रामनगर, पुरानी अनाज मंडी, सब्जी मंडी, आरा मार्किट, लक्कड़ मार्किट तथा साई मार्केट आदि शहर का बहुत बड़ा हिस्सा बर्बाद होने वाला है। ओवर ब्रिज पर चढाई के कारण दुकानदारों का कारोबार बंद होने वाला है। दोनों ओवर ब्रिज बनने से करनाल रोड़ छोटू राम चौंक पर फाटक बंद होने पर जाम की स्थिति पैदा हो जाएगी। जबकि एलिवेटेड रेलवे ट्रैक से किसी को नुकसान का अंदेशा नहीं है। बल्कि रोहतक व कुरुक्षेत्र की तर्ज पर बने एलिवेटेड रेलवे ट्रैक से शहर का सौंदर्यकरण होगा।

**ओवर ब्रिज का विरोध**

*अतः पूरे कैथल शहरवासियों की ओर से आपसे अनुरोध है कि ओवर ब्रिज व अंडर पास न बनवाकर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनवाने का कष्ट करें। बैठक में मुख्य रूप से मास्टर रघुवीर सिंह, रमन सचदेवा, सतीश सोनी, विजय गोयल, सुरेंद्र गर्ग, विक्रम बंसल, लाजपत राय सिंगला, ओमप्रकाश ढांडा, प्रीतम देवीगढ़, कर्मवीर ढूल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।*



कैथल। नगराधीश गुरविंद्र सिंह शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार एवं डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी बीरभान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। आमजन विश्वास लेकर अपनी समस्याएं लेकर समाधान शिविर में आते हैं, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर लोगों की छोटी से छोटी समस्या को ध्यानपूर्वक सुना जाए और उसका समयबद्ध व स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित दिन पर समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें रि-पोअन होती हैं, उनके कारणों की गहनता से जांच कर गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। संबंधित विभागाध्यक्ष स्वयं ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लें और समस्याओं का समाधान करवाएं, इसके साथ ही उपमंडल स्तर पर गुहला तथा कलायत में आयोजित समाधान शिविरों में भी आमजन की शिकायतें सुनी गईं।

**ये लोग रहे मौजूद**

इस अवसर पर डीआरओ चंद्रमोहन, जिला बागवानी अधिकारी डा. हीरा लाल, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रामप्रताप गुप्ता ने नायक समाज धर्मशाला के लिए दिए 1.01 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

युवा नायक जन कल्याण सेवा समिति एवं नायक समाज, कैथल द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता विशेष रूप से पहुंचे। कार्यक्रम में समाजसेवा की भावना को सशक्त करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ने नायक समाज की धर्मशाला के निर्माण हेतु अपने निजी कोष से 1 लाख एक हजार की सहयोग राशि प्रदान की।

इस अवसर पर कैथल नगर परिषद वार्ड नंबर 20 के पार्षद रिंकू सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामयी बनाया।

भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने नायक समाज को आश्वस्त करते हुए कहा कि धर्मशाला निर्माण से संबंधित किसी भी प्रकार की ग्रांट अथवा सहयोग की आवश्यकता होने पर भाजपा सदैव नायक समाज के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु निरंतर कार्य कर रही है और समाजसेवी कार्यों को प्रोत्साहन दे रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि समाज की सेवा करना ही सच्चा राष्ट्र निर्माण है। धर्मशाला जैसे कार्य समाज को एकजुट करने के साथ-साथ जरूरतमंदों को सहारा प्रदान करते हैं। उन्होंने नायक समाज के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। नगर पार्षद रिंकू सैनी ने कहा कि वार्ड नंबर 20 में धर्मशाला निर्माण के लिए जो भी संभव प्रयास होंगे, वे पूरी निष्ठा से किए जाएंगे।




कैथल । वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता नायक समाज के समारोह में भाग लेते हुए

**ये लोग रहे उपस्थित**

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता, भाजपा कैथल जिला महामंत्री मुनीश शर्मा, हिमांशु गोयल, सतबीर नायक, समिति के सचिव बलबीर सिंह, प्रधान सनी, कपिल नायक, राजेश नायक, राहुल नायक, अशोक नायक आदि उपस्थित थे।

# पूंडरी से चंडीगढ़ का सफर हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पूंडरी व आसपास के गांवों के यात्रियों के लिए चंडीगढ़ जाना अब पहले से कहीं अधिक आसान और सुहाना हो गया है। विधायक सतपाल जांबा के अथक प्रयासों के चलते हरियाणा रोडवेज की नई बस सेवा शुरू की गई है, जो कैथल से पूंडरी होते हुए 152-डी मार्ग से चंडीगढ़ जाएगी। यह बस प्रतिदिन सुबह 7 बजे पूंडरी बस स्टैंड पर पहुंचती है।

इस नई बस सेवा का शुभारंभ सोमवार से हो चुका है। पहले ही दिन सोमवार को पूंडरी बस स्टैंड पर पहुंचने पर चंडीगढ़ नियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों ने बस का स्वागत किया और खुशी जाहिर की। बस स्टैंड पर मौजूद पंडित राघवाचार्य, बलबीर गोलन, बली जांगड़ा व राजेश कुमार ने बताया कि इस बस सेवा से अब चंडीगढ़ जाना न केवल सुगम होगा बल्कि समय की भी बचत होगी।



पूंडरी । रोडवेज बस का स्वागत करती दैनिक सवारियां।

यात्रियों ने बताया कि इससे पहले चंडीगढ़ जाने के लिए कई जगह बस बदलनी पड़ती थी और घंटों इंतजार करना पड़ता था, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती थी। इस समस्या को लेकर उन्होंने विधायक सतपाल जांबा से आग्रह किया था। विधायक ने यात्रियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से संपर्क कर नई बस सेवा शुरू करवाई। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने इस जनहितकारी पहल के लिए विधायक सतपाल जांबा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बस सेवा छात्रों, नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास को लेकर ऐसे ही सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुण्डरी

नोएडा में संपन्न हुई डीएवी नेशनल खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण व रजत पदक हासिल किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंडर 14 आयु वर्ग की छात्राओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे मुकाबले के दौरान टीम भावना, अनुशासन और मजबूत खेल कौशल देखने को मिला, जिसके चलते छात्राओं ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी तरह कराटे प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों के बीच दमदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और तीन रजत पदक हासिल किए।खिलाड़ियों ने अदम्य साहस और मेहनत का परिचय देते हुए यह सफलता प्राप्त की। प्राचार्या साधना बख्शी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाली शारीरिक शिक्षिका कोमल, कोच रोबिन और अध्यापिका शशि शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से ही ऐसे परिणाम सामने आते हैं।




पुण्डरी। डीएवी नेशनल खेल प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

# माघ स्नान से जीवन का होगा उद्धार : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुण्डरी

पूंडरी के श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में चल रहे श्री गायत्री महायज्ञ एवं माघ महात्म्य कथा के दौरान प्रवचन करते हुए आचार्य मानसू भारद्वाज ने माघ मास और प्रयाग स्नान की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को दत्तात्रेयजी और कांचन मालिनी अप्सरा की पौराणिक कथा सुनाते हुए बताया कि माघ मास में प्रयागराज की त्रिवेणी में स्नान करने से व्यक्ति के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन का कल्याण होता है।

आचार्य भारद्वाज ने कहा कि दत्तात्रेयजी के अनुसार कांचन मालिनी नामक एक सुंदर अप्सरा माघ मास में प्रयाग में स्नान कर कैलाश पर्वत की ओर जा रही थी। मार्ग में हिमालय के कुंज से गुजरते समय एक राक्षस ने उसे देखा और उसके तेजस्वी रूप व भीगे वस्त्रों को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। अप्सरा ने राक्षस को बताया कि वह प्रयाग के संगम में स्नान कर आ रही है और त्रिवेणी के पावन जल के प्रभाव से ही उसका मन, शरीर और जीवन पवित्र हुआ है।



कथा के माध्यम से आचार्य ने बताया कि अप्सरा ने अपने पूर्व जन्म का वर्णन करते हुए स्वीकार किया कि वह कलिंग देश के राजा की वेश्या थी और उसने अपना अधिकांश जीवन भोग-विलास और पाप कर्मों में व्यतीत किया। वृद्धावस्था में उसे अपने जीवन पर पश्चाताप हुआ और उसने एक वेदज्ञ ब्राह्मण की शरण ली। ब्राह्मण ने उसे माघ मास में प्रयागराज जाकर त्रिवेणी संगम में स्नान करने का उपदेश दिया और कहा कि तीर्थ स्नान से बढ़कर पापों के नाश का कोई साधन नहीं है।आचार्य मानसू भारद्वाज ने कहा कि महर्षियों ने तीर्थ स्नान को सबसे श्रेष्ठ प्रायश्चित बताया है।

# खंड विकास एवं पंचायत विभाग ने नहीं बरती अनियमितता : कैप्टन

- **समिति में दुकानों की लंबाई और किराया बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया पास**

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में निर्माणाधीन दुकानों के मामले के संदर्भ में कहा कि अक्तूबर व दिसंबर माह में शिकायतकर्ताओं ने दुकान निर्माण कार्य में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और इस कार्य को तुरंत प्रभाव से रोककर संलिप्त के खिलाफ कार्रवाई करने की शिकायत बीडीपीओ कार्यालय व उपमंडल कार्यालय में की थी। शिकायतकर्ता ने दुकान निर्माण कार्य रोकने व मामले की जांच करने की मांग की थी। इस शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस विभाग को कार्य रुकवाने के आदेश जारी किए थे। एसडीएम ने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इस मामले की पूर्ण जांच की गई। जांच में पाया कि विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के 22 जनवरी 2025 की हिदायतों अनुसार पंचायत समिति उक्त कार्य करने में सक्षम है। निर्माणाधीन जमीन भी बीडीपीओ गुहला कार्यालय के अधीन आती है। पंचायत समिति की चेयरपर्सन ने पंचायत समिति की बैठक के दौरान उक्त दुकानों की लंबाई बढाने व किराया बढाने का प्रस्ताव पास किया गया। पंचायत समिति के कार्यो के निष्पादन की शक्तियां कार्यकारी अधिकारी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की होती है। कार्य शुरू करने से पहले कुटेशन आमंत्रित की गई थी।

**कार्यक्रम** जिला परिषद के माध्यम से 11 लाख की लागत से गांव में हुआ शेड का निर्माण

ग्रामीणों ने विकास कार्यों पर जताया प्रतिनिधियों का आभार

# रसूलपुर में जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल एवं पार्षद का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

रसूलपुर गांव के पंचायत घर में सोमवार को जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल और वार्ड नंबर 18 से पार्षद मैनेजर कश्यप का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद की ओर से गांव में कराए गए विकास कार्यों के प्रति आभार जताने के लिए किया गया था। इस मौके पर ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि पार्षद मैनेजर कश्यप की पहल पर जिला परिषद के माध्यम से पंचायत घर में करीब 11 लाख रुपए की लागत से भव्य सैड का निर्माण कराया गया है। इससे अब गांव में सामाजिक, धार्मिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही गामड़ी क्षेत्र में बनने वाली सिवरेज नाली के निर्माण के लिए करीब 20 लाख रुपए का बजट जारी करवाया गया है। इस कार्य का टेंडर भी लग चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इससे क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने बताया कि पार्षद कश्यप के प्रयासों से गांव की दो चौपालों का रंग-रोगन करवाया गया, गांव की गलियों में स्ट्रीट लाइटें लगवाई गईं और वॉटर कूलर भी स्थापित कराया गया। विकास कार्यों के लिए ग्रामीणों ने चेयरमैन और पार्षद का आभार जताया।



कैथल। जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल और पार्षद मैनेजर कश्यप का फूल-मालाओं से स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम में ये लोग रहे उपस्थित**

इस मौके पर समाजसेवी हवा सिंह ने दादा खेड़ा के नाम एक लाख रुपए और गांव के शिव मंदिर के नाम भी एक लाख रुपए दान किए। इस पर ग्रामीणों ने हवा सिंह को पगड़ी पहनाकर और फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह, शिव मंदिर कमेटी प्रधान संजय कुमार, बलवंत सिंह नंबरदार, शेर सिंह गुर्जर, जरनैल सिंह, राजपाल उर्फ काका, कृष्ण कुमार, मास्टर धर्मपाल, शीसा राम गुर्जर, जगतार, जीवन य लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने दान किए अन्न और वस्त्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

आर. के. एस. डी. पब्लिक स्कूल में अन्नांजलि अर्पण उत्सव के तहत बच्चों ने अन्न आदि वस्तुओं का अर्पण किया। माघ महीने में त्याग व दान की महत्ता समझते हुए बच्चों ने चावल- दाल- धन- वस्त्र आदि वस्तुओं का दान दिया। बच्चों द्वारा दिया गया यह अनाज व दान शहर की विभिन्न संस्थाओं में वितरित किया जाएगा। वृद्ध आश्रम, अनाथ आश्रम, बाल वाटिका, कुष्ठ आश्रम, गुग्गा माड़ी, गौशाला और झुग्गी झोपड़ियां में एकत्रित अनाज व अन्य सामग्री भेजी जाएगी। स्कूल की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट जी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में दान की भावना विकसित करना है। मानवता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना गया है। यदि बच्चों में आरंभ से दान, त्याग, परोपकार आदि गुण विकसित किए जाए तो निश्चय ही वे श्रेष्ठ मानव बनते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों से बच्चों को परिचित करवाना उनका ध्येय है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से परिचित करवाना आज समय की बहुत बड़ी मांग है अन्नांजलि अर्पण उत्सव में स्कूल प्रबंधक समिति के सदस्यों तथा अन्य सभी के द्वारा भी योगदान दिया गया।




कैथल । अन्नांजलि अर्पण उत्सव मनाते आरकेएसडी स्कूल के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब परिवार ने 115 बच्चों को बांटे स्वेटर

**नरवाना।** लायंस क्लब परिवार द्वारा आओ किसी का सहारा बनें मुहिम के अंतर्गत आज राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी विद्यालय में 115 जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। यह सेवा कार्य उप प्रधान सुनील गुप्ता के परिवार द्वारा समर्पित किया गया। जिन्होंने हमेशा समाजहित में बढ़चढ़ कर योगदान दिया है। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में लायंस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## आखिरकार नागरिक अस्पताल में मरीजों को नसीब हुआ शौचालय

### विरोध के बाद शौचालय पर लटके तालों को खुलवाया

*बाथरूम की वजह से थी भारी परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में आखिरकार सोमवार से मरीजों व उनके तिमारदारों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो गई। हालांकि पीडब्ल्यूडी ने कागजी कार्रवाई करने के बाद शौचालय तैयार कर स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द कर दिए थे लेकिन स्वास्थ्य विभाग शौचालय में लगी टूंटियों के चोरी होने के भय से इन्हे नही खोल रहा था। जिससे यहां आने वाले लोगों में लगातार रोष बढ़ रहा था। इसी रोष को देखते हुए सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने शौचालय पर लटके तालों को खुलवाने का काम किया। अब अस्पताल में आने वाले मरीज व तिमारदार, स्टाफ इन शौचालयों की सुविधा ले सकता है।

**खास बातें**

- स्वास्थ्य विभाग ने टूंटी चोरी होने के भय से नही खोले थे ताले
- स्वास्थ्य विभाग ने चोरी रोकने के लिए सिक्योरिटी गार्ड को निगरानी रखने के दिए निर्देश

**चोरी रोकने के लिए सिक्योरिटी गार्ड को निगरानी रखने के निर्देश : पीएमओ**

नागरिक अस्पताल के कार्यकारी अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि शौचालयों को आमजन के लिए खुलवा दिया गया है। रोस्टर अनुसार यहां सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगा दी है। वहीं चोरी रोकने के लिए सिक्योरिटी गार्ड को भी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।



**जींद।** शौचालय पर से ताले खोलता हुआ स्वास्थ्यकर्मी तथा तैयार हुए शौचालय में लगा नया सामान। *फोटो : हरिभूमि*

**पिछले दोमाह से परेशान थे मरीज**

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का 14.91 करोड़ से जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। जीर्णोद्धार करने वाले ठेकेदार ने लापरवाही के चलते यहां दोनों शौचालय को एक साथ तोड़ दिया था और वैकल्पिक व्यवस्था तक नहीं की थी। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने अस्पताल निरीक्षण के दौरान निर्माण ठेकेदार को फटकार लगाई थी और वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए कहा था। दो-चार दिन के लिए बाथरूम की वैकल्पिक व्यवस्था भी हुई लेकिन वह व्यवस्था भी गायब हो गई। जिससे मरीजों की परेशानी लगातार बढ़ती चली जा रही थी। पिछले सप्ताह अस्पताल में दोनों बाथरूम तैयार हो गए थे और अब भी स्वास्थ्य विभाग इनके ताले नहीं खोल रहा था। क्योंकि स्वास्थ्य अधिकारियों को बाथरूम से टूंटी व अन्य सामान चोरी होने का डर सता रहा था। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि तीन बजे बाथरूम पर ताले लगा दिए जाएंगे। क्योंकि इन बाथरूम का सामान पहले भी चोरी हो चुका है। अब नया सामान लगा है, उनको डर है कि कहीं फिर से सामान चोरी न हो जाए।

### केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

# मांगों को लेकर सड़क पर उतरे कर्मचारी, किया जोरदार प्रदर्शन

**डीसी को सौपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू की राज्य कमेटी के आह्वान पर 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस डे पर जवाहर पार्क में सभा करने के बाद जिला सचिवालय तक जोरदार प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता सयुंक्त रूप से एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल व सीटू नेता व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के राज्य प्रधान बसाऊ राम ने की व संचालन एसकेएस जिला सचिव शिवचरण सीटू के जिला सचिव नरेश कुमार ने सयुंक्त रूप से किया। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के नाम और माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार प्रदेश के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने बारे ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौपा। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह,उपप्रधान कपिल सिरोही,जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम,उपप्रधान सियादत्त,हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, फायर कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान राजेंद्र सीनंद, बिजली कर्मचारियों के नेता अभिषेक शर्मा,मंदीप पटवारी, नगर पालिका कर्मचारी संघ से राज्य सहसचिव विक्की टाँक, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रमेश हरित,जयप्रकाश शास्त्री, जसबीर सिंह, रामकली जांगड़ा व ग्रामीण सफाई कर्मचारी युनियन से जिला सचिव बीरभान जाखोली ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सभी विभागों को निजी हाथों में देने की मुहिम तो तेज कर दिया है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा क्योंकि असली मायनों में सार्वजनिक विभागों को मजबूत करके ही देश को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्य मांगो में 8वें वेतन अयोग लागू होने तक सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार 5 हजार रूपये अंतरिम रहात के रूप मे देना , आठवे वेतन आयोग से पहले 7वे वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना, 21 नवंबर को लागू श्रम कानूनों में किए गए अनाप शनाप संशोधनों को रद्द करने, ठेका प्रथा के तहत लगे सभी कर्मचारियों को विभाग के पे रोल पर लेते हुए माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 23 व 31 दिसंबर,2025 के फैसले अनुसार नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना,परियोजना कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा देना, स्वस्थ,सफाई व अन्य सुविधा उपलब्ध कराना आदि है, जिन्हें लागू करने मे सरकार आनाकानी कर रही है। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। इसके विरोध में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।



**कैथल।** अपनी मांगों को लेकर नगर में प्रदर्शन करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*


**जींद।** जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

**इन विभागों के कर्मचारी रहे शामिल**

इस अवसर पर नगरपालिका, बिजली, वन, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग,ग्रामीण सफाई कर्मचारी, रिटायर कर्मचारी संघ,फायर, हुडा, हेल्थ, पब्लिक हेल्थ व सिंचाई विभाग समेत काफी विभागों से बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

**जिला मुख्यालय पर गरजे कर्मचारी**

**जींद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू के संयुक्त आह्वान पर सोमवार को कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस जींद प्रशासन की ओर से आए तहसीलदार बलराम को सौंपा। सोमवार सुबह जिला की विभिन्न विभागों के कच्चे कर्मचारी पुराना बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और रोष सभा की। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान संजीव ढांडा व रमेश चंद्र ने संयुक्त रूप से की। संचालन मजदूर नेता कपूर सिंह ने किया। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य के नेता सुरेश राठी, संदीप जाजवान जिला सचिव सीटू ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि हरियाणा उच्च न्यायालय ने 23 दिसंबर 2025 व 31 दिसंबर 2025 को कच्चे कर्मचारियों के पक्ष में पक्का करने की आदेश दिए थे। जबकि भाजपा सरकार उच्च न्यायालय के आदेशों को भी अनदेखा कर रही है।

## जापान यात्रा से लौटे वीसी, सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏩ जींद


**जींद।** वीसी का स्वागत करते हुए स्टाफ।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. डा. राम पाल सैनी जापान यात्रा से स्वदेश लौट आए हैं। सोमवार को वीसी ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठकर अपनी जापान यात्रा के अनुभवो को विस्तार से सांझा किया। कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी ने बताया कि जापान प्रवास के दौरान चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा जापान के छह प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक एवं शोध सहयोग एमओयू किए गए हैं, जो भविष्य में संयुक्त शोध, फैकल्टी एक्सचेंज, छात्र प्रशिक्षण और नवाचार आधारित परियोजनाओं के लिए मील का पत्थर सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल सीआरएसयू को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वीसी ने जापान की वर्क कल्चर, अनुशासन और शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि जापान से हमें विशेष रूप से देशभक्ति, समय की पाबंदी और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता सीखने की आवश्यकता है।

**वीसी ने शिक्षकों संग अनुभव किए साझा**

वीसी ने कहा कि जापान ने शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न रखकर उसे राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाया है, जो भारत के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि जापान अपने स्थानीय उत्पादों और ब्रांडों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देता है वहीं भारत को भी लोकल को ग्लोबल की भावना के साथ अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## महाराणा प्रताप को पुण्यतिथि पर किया याद, अर्पित की भावभीनी श्रद्धाजंलि

- क्षत्रिय समाज के युवाओं ने कहा सभी को महाराणा प्रताप के बताए रास्ते पर चलना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजौंद

वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर महाराणा प्रताप चौंक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान युवाओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजली दी। क्षत्रिय समाज के युवाओं ने कहा कि हमें महाराणा प्रताप के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने भारत व हिंदुत्व की रक्षा के लिए अनेकों कष्ट उठाए।

उन्होंने कहा मरते मर गए ना खोया अपनी शान को, आकर देखो इस राजपूती शान को, हजारों मुसीबतें सही हजारों गम सहे, फिर भी बचाया अपने ईमान को। इस दौरान पार्षद जॉनी, सतविंद्र राणा, संदीप राणा महिपाल राणा वीरेंद्र राणा दीपक भूपेंद्र अशोक फौजी कमल श्याम राणा सहित कई समाज के युवा मौजूद थे।


**राजौंद।** महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए समाज के लोग।

## छात्रों ने किया योग का अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏩ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के करेला गांव स्थित राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। योग सहायक सोनू ने बच्चों को योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग सहायक सोनू ने बताया कि नियमित योग अभ्यास से शरीर स्वस्थए मजबूत और रोगमुक्त बनता है। योग से न केवल शारीरिक बीमारियां दूर होती हैं बल्कि मानसिक तनाव, चिंता और थकान से भी राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों में मोबाइल और टीवी के अधिक उपयोग के कारण शारीरिक गतिविधियां कम हो रही हैं। जिससे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में योग बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन सहित अन्य सरल योगासन कराए गए।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन के प्रयासों से गांवों तक पहुंची स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार क्षेत्र में सेवाएं दे रही है। इसी क्रम में सोमवार को यह मेडिकल यूनिट कैथल विधानसभा क्षेत्र के गांव भैनीमाजरा एवं शेरगढ़ पहुंची, जहां ग्रामीणों ने घर के समीप ही निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया।

शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उनकी स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। सामान्य रोगों के उपचार के साथ-साथ रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं, वहीं रक्त एवं मूत्र जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात डॉ. बलिंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव भैनीमाजरा में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित शिविर में 47 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 5 मरीजों के रक्त एवं मूत्र परीक्षण किए गए। इसके पश्चात गांव शेरगढ़ में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चले शिविर में 15 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई।


**कैथल।** मरीजों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

## चिकित्सकों की टीम ने गोशाला का किया निरीक्षण, दी दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏩ सीवन

कड़ाके की ठंड के बीच गौमाता की सेवा और संरक्षण को लेकर गौशाला सीवन पूरी तरह सतर्क नजर आई। आज पशु चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और डॉक्टरों की टीम ने गौशाला का निरीक्षण कर सर्दी से प्रभावित बीमार गायों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक उपचार प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान वेटरनरी सर्जन डॉ. मनदीप, एसडीओ डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. राहुल व डॉ. अनि ने गौशाला परिसर का बारीकी से जायजा लिया। डॉक्टरों ने बीमार गायों को दवाइयां दी और सर्द मौसम में उनकी देखभाल को लेकर जरूरी सुझाव भी दिए। टीम ने चारे, पानी, स्वच्छता और रहन-सहन की व्यवस्था को भी देखा। गौशाला सेवा समिति के प्रधान नरेंद्र सैनी ने बताया कि गौशाला में बीमार व असहाय गायों की निरंतर देखभाल के लिए तीन डॉक्टर पहले से सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही सरकारी पशु चिकित्सकों का समय-समय पर सहयोग भी मिलता रहता है। उन्होंने कहा कि गौशाला प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य गौमाता को सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना है। प्रधान ने सरकारी डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से गौशाला में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक मजबूत हुई हैं।



**सीवन।** सीवन में गौशाला में गायों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों में जुटा पुलिस प्रशासन, परेड की रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏩ जुलाना

आगामी गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने को लेकर जुलाना पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जुलाना थाना परिसर में पुलिस द्वारा प्रारंभिक रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल के दौरान पुलिस जवानों ने परेडए सलामी और सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित अभ्यास किया। थाना प्रभारी विक्रम जोसन ने रिहर्सल के दौरान पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए पुलिस द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। रिहर्सल के दौरान पुलिसकर्मियों को आपसी तालमेलए अनुशासन और समयबद्धता का विशेष अभ्यास कराया गया। साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी विक्रम जोसन ने कहा कि गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी।


**जुलाना।** जुलाना थाना में रिहर्सल करते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

### धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक लोग लोगों की रहेगी भागेदारी

## कलायत में 25 को मनेगा गुरु रविदास का प्रकाशोत्सव

*कार्यक्रम का शुभारंभ संत-महात्मा परंपरा अनुसार करेंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत स्थित श्री रैदास तख्त परिसर में 25 जनवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 649 वां प्रकाश उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इसमें धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग हिस्सा लेंगे। इसके लिए निमंत्रण देने का सिलसिला श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी प्रधान डा.प्रीतम कौलेखां की अगुवाई में शुरू किया गया है। महोत्सव के तहत सर्व समाज के सहयोग से संत समागम, गुरु कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ संत-महात्मा परंपरा अनुसार करेंगे। श्री तख्त महात्मा गुरुप्रसाद के मार्ग दर्शन में उत्सव की अध्यक्षता प्रधान डा.प्रीतम कौलेखां करेंगे। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया जाएगा। गुरु जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को नशामुक्ति, शिक्षा और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढना चाहिए। आयोजन में महात्मा गुरु प्रसाद भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर श्री रैदास तख्त प्रबंधक कमेटी एवं कलायत के पार्षदों ने सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, सांसद नवीन जिंदल प्रतिनिधि रविंद्र धीमान व दूसरे गणमान्य लोगों से मुलाकात करते हुए समारोह का निमंत्रण दिया। कमेटी सदस्यों ने सभी से गुरु पर्व में पधारने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द और एकता को मजबूती मिलती है।


**कलायत।** भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी को निमंत्रण पत्र सौंपते श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी प्रधान डा.प्रीतम कौलेखा व सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

**तैयारी में जुटे आयोजक**

*श्री रैदास तख्त प्रबंधक कमेटी सचिव राजेश जेष्ठ ने बताया कि आयोजन को गरिमापूर्ण ढंग से मनाने को सदस्य व स्वयंसेवक पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए हैं। श्री रैदास तख्त प्रबंधक कमेटी की तरफ से क्षेत्रवासियों एवं आसपास के गांवों के लोगों से अपील की गई है कि वे परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर गुरु रविदास जी के प्रकाश उत्सव में भाग लें और आयोजन को सफल बनाएं।*